<u>प्रेस के लिए सूचना नोट</u> (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 128 /2025)

*तत्काल प्रकाशन हेतु*

**भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण**

**4 नवंबर, नई दिल्ली**

**विषय: भारत के डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग फ्रेमवर्क के आधिकारिक लोगो डिजाइन प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि का विस्तार**

**नई दिल्ली, 04 नवंबर 2025** — भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 16 अक्टूबर 2025 को भारत के डिजिटल कनेक्टिविटी रेटिंग फ्रेमवर्क के **आधिकारिक लोगो** के डिजाइन के लिए एक प्रतियोगिता की घोषणा की थी। प्रतियोगिता का विवरण ट्राई की वेबसाइट (लिंक https://www.trai.gov.in/dcra-portal) पर उपलब्ध है। लोगो प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि पहले 05 नवंबर 2025 निर्धारित की गई थी।

2. लोगो प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने का समय बढ़ाने हेतु प्रतिभागियों से प्राप्त अनुरोधों पर विचार करते हुए, लोगो प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 10 दिन, यानी **15 नवंबर 2025** तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. लोगो प्रतियोगिता के डिजाइन के लिए प्रविष्टियां ई-मेल आईडी digital-rating@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं ।

4. किसी भी स्पष्टीकरण या अधिक जानकारी के लिए, हितधारक **श्री तेजपाल सिंह, सलाहकार (क्यूओएस-I), भादूविप्रा** से ईमेलः adv-qos1@trai.gov.in या +91-11-20907759 पर संपर्क कर सकते हैं।

**(शिव भद्र सिंह)**
**सचिव, भादूविप्रा**